# 'बीजेपी पूरे राज्य में है मजबूत'

## जब हमारे पास बहुमत नहीं था, तो हमें समर्थन लेना पड़ा, निर्दलीय भी समर्थन दे रहे थे, लेकिन अधिक अधिक स्थिर होने के लिए हमने जेजेपी का समर्थन मांगा

**8 बीजेपी अब एक ऐसी पार्टी है जिसका पूरे राज्य में बहुत मजबूत आधार है। उसे किसी की जरूरत नहीं है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह पार्टी के 2024 में होने वाले हरियाणा विधानसभा और लोकसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ने के पक्ष में हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि हरियाणा में सरकार बनाने के लिए 2019 में भाजपा और जननायक जनता पार्टी एक साथ आए क्योंकि दोनों के पास अपने दम पर बहुमत नहीं था और यह एक साथ चुनाव लड़ने के बारे में नहीं था। बीजेपी अब एक ऐसी पार्टी है जिसका पूरे राज्य में बहुत मजबूत आधार है। उसे किसी की जरूरत नहीं है। जब जरूरत होती है तो गठबंधन किया जाता है। स्थिति तब आती है जब कोई व्यक्ति स्थिति के बारे में सोचता है। इतना मजबूत नहीं है कि वे स्वतंत्र रूप से चुनाव नहीं लड़ सकते। लेकिन हमारी पार्टी के लिए ऐसा नहीं है जो नौ साल से राज्य में सत्ता में है। 77 वर्षीय दिग्गज नेता, जिनके बेटे बृजेंद्र सिंह हिसार से भाजपा सांसद हैं उन्होंने कहा कि भाजपा ने स्थिर सरकार देने के लिए अजय सिंह चौटाला के नेतृत्व वाली जेजेपी के साथ गठबंधन किया।

**निर्दलीय भी दे रहे थे समर्थनः** जब हमारे पास बहुमत नहीं था, तो हमें समर्थन लेना पड़ा। निर्दलीय भी समर्थन दे रहे थे। लेकिन अधिक सकारात्मक और अधिक स्थिर होने के लिए हमने जेजेपी का समर्थन मांगा। सरकार बनाने के लिए उस समय जरूरत थी। चुनाव लड़ने के लिए सर छोटू राम के पोते, बीरेंद्र सिंह ने कहा कि जो स्वतंत्रता-पूर्व युग के दौरान एक प्रमुख किसान नेता थे, जिन्होंने किसानों के हितों का समर्थन किया था। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि गठबंधन ने पिछले साढ़े तीन सालों से राज्य को प्रगतिशील बनाने के लिए काम किया है। लेकिन भविष्य में क्या है, मैं भविष्यवाणी करने वाला ज्योतिषी नहीं हूं।

**भाजपा-जजपा गठबंधन मजबूत स्थिति में हैः** हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने हाल ही में कहा था कि भाजपा-जजपा गठबंधन मजबूत स्थिति में है और अच्छा कर रहा है और कहा कि अगले साल संसदीय चुनाव संयुक्त रूप से लड़ने पर कोई भी फैसला बाद में लिया जाएगा। वर्तमान में हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा के सदस्यों का कब्जा है। 2019 के विधानसभा चुनावों में जेजेपी ने 10 सीटें जीतीं, जबकि बीजेपी को 40 सीटें मिलीं। सात में से छह निर्दलीय भी बीजेपी-जेजेपी सरकार का समर्थन कर रहे हैं।

**विधानसभा चुनाव में भाजपा की लड़ाई मुख्य रूप से कांग्रेस के साथ होनी चाहिएः** एक सवाल के जवाब में बीरेंद्र सिंह ने कहा कि हालांकि अभी भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी लेकिन अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा की लड़ाई मुख्य रूप से कांग्रेस के साथ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप पंजाब में कैसा प्रदर्शन करती है, इसका हरियाणा में थोड़ा असर हो सकता है।

**राजनीतिक रूप से सक्रिय रहेंगे, लेकिन चुनावी राजनीति से दूर रहेंगेः** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के बारे में बीरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार बनाएगी, मुझे वहां कोई समस्या नहीं दिख रही है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह राजनीतिक रूप से सक्रिय रहेंगे, लेकिन चुनावी राजनीति से दूर रहेंगे। हल्के-फुल्के अंदाज में पूछे जाने पर कि क्या उनके विधानसभा चुनाव लड़ने की कोई संभावना है, सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा, 'नहीं, नहीं'। उन्होंने कहा कि चुनावी राजनीति में पांच दशक लंबा समय होता है। 2014 के विधानसभा चुनावों से पहले बीरेंद्र सिंह, जिन्होंने कभी हरियाणा की राजनीति के "त्रासदी राजा" की उपाधि अर्जित की थी, कांग्रेस के साथ अपने चार दशक से अधिक के जुड़ाव को समाप्त कर भाजपा में शामिल हो गए।

# दुष्यंत चौटाला को उचाना से हार का डर : प्रेमलता



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

**सखी-सहेली** कार्यक्रम में धनखड़ी गांव पहुंची भाजपा की पूर्व विधायक प्रेमलता का महिलाओं ने रविवार को भव्य स्वागत किया। बीते कई दिनों से ग्राम स्तर पर महिलओं द्वारा सखी-सहेली कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इन कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रेमलता द्वारा उनके समय हुए विकास कार्यों की जानकारी दी जा रही है। प्रेमलता ने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में उचाना हलके से दुष्यंत चौटाला चुना नहीं लड़ेंगे क्योंकि यहां पर कोई काम वो नहीं करवा पाए है। बीते दिनों जींद में उनके पिता अजय सिंह चौटाला ने बयॉन दिया है कि वो एक जगह से चुनाव नहीं लड़ते है। इस बयान से साफ है कि दुष्यंत चौटाला के परिवार को उचाना हलके से उनकी हार नजर आने लगी है। ऐसे में वो पहले से ही इस तरह के बयॉन देने लगे है। उन्होंने कहा कि हलके के हर गांव में बिना किसी भेदभाव के विकास करवाने का काम किया। काम करवाने के बाद अगर उसका फल नहीं मिलता है तो दर्द होता है। अलेवा में जो बस स्टैंड बना उसका शिलान्यस के साथ-साथ निर्माण कार्य की शुरूआत करवाई। इसका जब उद्घाटन हुआ तो पत्थर दुष्यंत चौटाला का लगा क्योंकि वो यहां से विधायक बने। चुनाव दौर शुरू हो गया है ऐसे में आप लोगों को बहाकने के लिए फिर आपके बीच आएंगे। लोगों को बहकावे में नहीं आना है। बीते चुनाव में 5100 रुपये पेंशन बुजुर्गों की करने का वायदा दुष्यंत चौटाला कर रहे थे। इस तरह के झूठे वायदे फिर चुनाव में उनके पास आकर किए जाएंगे।

# गर्मी से सूनी हुई शहर की सड़कें, बारिश की आशंका से किसान चिंतित

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

**रविवार को** पारा अपने उफान पर था। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण शहर की सड़के सूनी रही। दो दिन में बारिश की आशंका ने किसानों की चिंताओं को बढ़ा दिया। मंडी और खलिहान में पड़ी किसानों की गेहूं को बरसात से नुकसान हो सकता है। सभी को इसी बात का डर सता रहा है। रविवार को कैथल का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की स्पीड मद्दम रही लेकिन तेज धूप के कारण हवाएं गरम रही। रविवार रात के समय मौसम के फिर से बदलने की आशंका जताई जा रही है।

**हल्की वर्षा से कटाई में हो सकती है एक सप्ताह की देरीः** कृषि उपनिदेशक डॉ. करमचंद का कहना है कि हल्की वर्षा गेहूं की तैयार फसलों को नुकसान नहीं पहुंचाएगी। थोड़ी नमी आने से कटाई में एक सप्ताह की देरी हो सकती है। तेज वर्षा के साथ हवा के चलने से खड़ी फसलों के गिरने और दानों के काला होने की



आशंका बढ़ जाएगी। अभी तक के मौसम के अनुसार गेहूं की फसल अच्छी है और दाने भी ठीक प्रकार से विकसित हुए हैं। बरसात आम के पेड़ों पर आए फलों को नुकसान पहुंचा सकती है। तेज हवाओं और बरसात के कारण इससे बौर तो गिरेंगे ही, रोग लगने की आशंका भी बढ़ जाएगी।

**दो दिन तक हो सकती है हल्की वर्षाः** कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा.मदन खीचड़ का कहना है कि वैसे तो प्रदेश में 17 अप्रैल तक मौसम खुश रहने की संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 16 व 17 अप्रैल को बीच-बीच में हल्के बादल तथा सतही हवाएं चलने की संभावना है।

# शिक्षक टीचिंग लर्निंग मैटेरियल से जगाएंगें शिक्षा की अलख

## शिक्षकों द्वारा टीएलएम (टीचर लर्निंग मटेरियल) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**8 सभी कलस्टरों में विभिन्न स्कूलों के प्राथमिक अध्यापकों द्वारा टीचिंग लर्निंग मैटेरियल प्रदर्शनी लगाई गई**



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

जिले के सरकारी विद्यालयों में अब विद्यार्थियों को कौशल स्किल का विकास करने व समझ को विकसित करने के लिए प्रयास हो रहे हैं। इसे लेकर निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत गुरुग्राम जिले के सभी कलस्टरों में विभिन्न स्कूलों के प्राथमिक अध्यापकों द्वारा टीचिंग लर्निंग मैटेरियल प्रदर्शनी लगाई गई। जिले के करीब 65 क्लस्टर में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा टीएलएम (टीचर लर्निंग मटेरियल) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टीकली में अध्यापकों द्वारा बनाए गए बहुत ही खूबसूरत टीएलएम बनाए गए, जिसमें गणित, हिंदी व अंग्रेजी विषय की दक्षताओं को आसानी से समझाया जा सकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्नेह मान ने बताया कि इसमें उनके क्लस्टर के सभी अध्यापकों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया। अध्यापकों ने गत्ते की संख्या जोड़ मशीन, विलोम शब्द, प्ले कार्ड, जमा, घटा, गुणा, भाग पर आधारित चार्ट, जल चक्र, मात्रा ज्ञान, शब्द निर्माण, पहले व बाद की संख्या ज्ञान, जैंबल्ड वर्ड्स, अंग्रेजी के वॉवेल, दिनों के नाम, महीनों के नाम, पानी के विभिन्न श्रोत, आकृतियों की गाड़ी, संज्ञा के भेद, सर्वनाम, कहानी के पात्रों के मखौट, सम विषम संख्या, आकृतियों का कमाल, मात्रा चार्ट, बारहखड़ी चार्ट, पहाड़े, विराम चिन्ह, सीवीसी चार्ट, राइम वर्ड्स, रंगों की कविता, पेड़ पौधे की उपयोगिता, स्थानीय मान, आरोही व अवरोही क्रम, घड़ी चक्र, टेबल पैटर्न, शब्द बनाओ, प्लेस वैल्यू मशीन, अनुपात चार्ट, गत्ते का कंप्यूटर, वायु प्रदूषण, एक कदम स्वच्छता की ओर, पक्का घर, कंकड़ की साइकल, फलों के नाम, ज्वालामुखी, शब्दों का टीवी, निपुण गणित संविधान पुस्तक, जोड़ मशीन, आदि अनेकों लो कॉस्ट, जीरो इन्वेस्टमेंट टीएलएम बनाए हैं। राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित राष्ट्रीय अवॉर्डी शिक्षक व निपुण हरियाणा मिशन के जिला नोडल अधिकारी मनोज कुमार लाकड़ा ने कहा कि अध्यापकों के साथ साथ छात्रों में ज्ञान, जागरूकता व रचनात्मकता कौशल के अवसर आत्मविश्वास और इसके साथ साथ बच्चों में स्वयं कार्य करने की भावना को विकसित करने के लिए भी यह प्रदर्शनी बहुत सहायक सिद्ध होगी।

# चाय के खोखे में लगी आग से 3200 कट्टे गेहूं जलकर नष्ट



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

**सफीदों की** नई अनाज मंडी में रविवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई। जब यहां पर रखे एक चाय के खोखे में अचानक आग लग गई। यह खोखा व उसके रखा सारा सामान पलक झपकते ही आग से नष्ट हो गया और उसके आसपास की तीन आढ़त की दुकानों के बाहर लगे हजारों गेहूं के कट्टों को भी अपनी चपेट में ले लिया। यह गेहूं सरकारी एजेंसियों हैफेड व खाद्य एवं आपूर्ति द्वारा खरीदी गई थी लेकिन ये एजेंसियां अपने खरीदे गए माल का उठान समय पर नहीं करवा पाईं थी। गनीमत तो यह रही कि कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। क्योंकि घटना के वक्त खोखे और उसके आसपास दर्जनों लोग खड़े व बैठे हुए थे। मामले की सूचना फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी गई। कुछ विलंब के बाद अनाज मंडी परिसर में स्थापित फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास किया। वहीं पुलिस की ओर से एसआई कुलवंत सिंह अपनी टीम के साथ अनाज मंडी में घटना स्थल पर पहुंचे। इसके अलावा काफी तादाद में आसपास के दुकानदार व मजदूरों मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग को बुझाने का प्रयास किया।

वहीं किसी ने खोखे के अंदर रखे दो गैस सिलेण्डरों को बाहर खींच कर खाली जगह पर फेंका अन्यथा कोई हादसा घटित हो सकता था। आग लगने का कारण खोखे के ऊपर से जा रही एक बिजली की तार में शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# 'साइबर अपराधियों से सतर्क रहें किसान'

**8 अनाज खरीद बेच या किसी अनाज के बीज की किस्म व पेस्टिसाइड की आड़ में कर सकते ठगी**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हांसी के पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने कहा है कि आजकल फसली सीजन चल रहा है और साइबर अपराधी किसानों को चूना लगाने की फिराक में हैं। इसलिए किसान विशेष सावधानी बरतें और साइबर ठग किसी भी अनाज की खरीद बेच अथवा किसी अनाज के बीज की किस्म व पेस्टिसाइड की आड़ में भी ठगी कर सकते हैं। एसपी मकसूद अहमद ने कहा कि सतर्कता व सावधानी ही साइबर फ्रॉड से बचने का बेहतर उपाय है, इसलिए किसानों को साइबर फ्रॉड के प्रति सचेत रहना चाहिए और अपने घर के सदस्यों व आसपास के लोगों को भी साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरुक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें किसी भी संदिग्ध लिंक के बारे में जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जब भी किसान किसी संस्था या कंपनी की बेवसाइट पर लिखे नंबरों पर कॉल करते हो तो ये किसी भी साइबर अपराधी के हो सकते है इसलिए ऐसे नंबरो पर कॉल करते समय सावधानी बरतें। उन्होंने व्हाट्सएप व ई-मेल पर आने वाले फर्जी लिंक से सावधान रहने की सलाह दी है।

# हरियाणा पुलिस का यमुनानगर में हुआ आप्रेशन प्रहार

**यमुनानगर**: हरियाणा पुलिस ने जिला में रविवार सुबह 4 बजे ऑपरेशन प्रहार के तहत गैंगस्टर और गैंगस्टर से जुड़े करीब 15 ठिकानों पर छापेमारी की। अम्बाला में भी 2 जगह छापेमारी की गई। जिला पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस महानिदेशक के दिशा निर्देश पर रविवार सुबह 4 बजे से यमुनानगर में गैंगस्टर और उनसे जुड़े करीब 15 ठिकानों पर छापेमारी 12 घंटे से जारी है। अभी तक इस छापेमारी में अलग-अलग जगह से दो देशी कट्टे, एक डमी पिस्टल, 18 कॉटरेंज, एंटी कार्ट्रेज और अवैध तेजधार हथियार, इसके साथ-साथ 39 लाख रुपए से अधिक नगदी, भारी संख्या में मोबाइल फोन और पेन ड्राइव मिले हैं।

# प्रतिबंधित संदिग्ध नशीला पाउडर व दवाइयों सहित दो आरोपी अरेस्ट

**8 पुलिस टीम द्वारा मौके से एक चक्की, 5 लोहे के टब, 2 तसले व दो मिक्सी को भी अपने कब्जे में लिया गया**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

जिला पुलिस की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा भारी मात्रा में संदिग्ध नशीला पाउडर व दवाइयों सहित दो आरोपियों को काबू करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से 272 किलोग्राम पाउडर व 25 किलो 210 ग्राम दवाइयां बरामद की गई है।

इस संबंध में बीती रात नाइट डोमिनेशन अभियान के दौरान सब इंस्पेक्टर ऋषि पाल के नेतृत्व में कार्य करते हुए स्पेशल यूनिट असंध की टीम व एएसआई नरेंद्र कुमार स्पेशल यूनिट असंध की अध्यक्षता में टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर



बृजभूषण उर्फ बिरजू व सुशील उर्फ सुनील दोनों वेदप्रकाश वासी सालवन को काबू किया। टीम द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट व डाक्टर नितिन रोहिल्ला व डॉक्टर सतीश कुमार आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी करनाल व हेमंत ग्रोवर जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी करनाल को मौके पर बुलाया गया। तलाशी पर उस कमरे में से 9 कट्टों में रखा 272 किलोग्राम आयुर्वेदिक व एलोपैथिक दवाइयों का मिश्रण पाउडर बरामद हुआ और 25 किलो 210 ग्राम खुली हुई एलोपैथिक दवाइयां बरामद हुई। इसके अलावा मौके से 10 किलो अनार दाना चूर्ण, 2000 प्लेक्सिया टेबलेट, 5 किलो अर्शकुठार, 20 किलो निंबाड़ा चूर्ण व 30 हजार लिवरो टेबलेट, आयुर्वेदिक दवाइयां बरामद हुई। आयुर्वेदिक दवाइयों को आयुर्वेदिक डॉक्टर द्वारा फार्म 17 भरकर ड्रग्स कॉस्मेटिक एक्ट 1944 के तहत कार्रवाई करने के लिए अपने कब्जे में लिया गया। इसके अलावा मौके से 33 किलो 656 ग्राम वजनी एलोपैथिक दवाइयां बरामद की गई। इन दवाइयों को एलोपैथिक डॉक्टर द्वारा फार्म 16 के तहत आगामी कार्रवाई हेतु अपने कब्जे में लिया गया। इसके अलावा पुलिस टीम द्वारा मौके से एक चक्की, 5 लोहे के टब, 2 तसले व दो मिक्सी को भी अपने कब्जे में लिया गया। आरोपी उक्त कमरे में कमरे में चक्की व मिक्सी की सहायता से दवाइयों को पीसकर पाउडर बनाने का काम कर रहे थे।

# नशा मुक्त भारत मिशन के तहत निकाली गई शहर में जागरूकता यात्रा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**नशे** जैसी जानलेवा बीमारी से युवा व हर आयु का इंसान सदा के लिए दूर हो जाए और नशे के खिलाफ समाज को प्रेरित करेए इसी सोच के साथ सेक्टर नौ स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में रविवार को दूसरे सप्ताह ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय व सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से नशा मुक्त भारत मिशन के तहत इस महान मिशन की कडी के तौर पर झंडेए बैनर लेकर जागरूकता यात्रा निकाली गई। कुंजपुरा रोड, आईटीआई चौक व मुख्य शहर से होती हुई ये जागरूकता यात्रा वापस ब्रह्माकुमारी आश्रम पहुंची।




नशा मुक्त भारत जागरूक यात्रा का शुभारंभ मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, नवचेतना मंच के संयोजक व नशा मुक्त भारत अभियान के अग्रज एसपी चौहान, बीके निर्मल बहन, बीके उर्मिल बहन व भाई रामबूल ने शानदार तरीके से किया। इससे पहले वक्ताओं ने नशे जैसी बीमारी को समाज से उखाडने के लिए युवाओं व आमजन को प्रेरित किया। मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि नशा मुक्त आंदोलन समय की मांग है। आज नशे से घर उजड रहे हैं, नौजवान नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं, ऐसे में नशे के लिए जागरूकता अभियान चलाना वक्त की मांग भी है और जरूरत भी।

उन्होंने ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय व नशा मुक्त अभियान के अग्रज एसपी चौहान को इस चेतना को जगाने के लिए बधाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि नशे से युवा व समाज दूर रहे इसके लिए हम सभी को मिलजुल को प्रयास करने होंगेए उन्होंने ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय व भारत नशा मुक्त अभियान के अग्रज नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान को इस जागरूकता अभियान के लिए बधाई देते हुए कहा कि एसपी चौहान ने बचपन से ही नशे के खिलाफ जो मुहिम चलाई वो सराहनीय हैए ये उनके सपनों का मिशन है जिसे चौहान बचपन से चला रहे हैं। उनके जीवन पर लेखक संदीप साहिल की संघर्ष को सलाम बॉयोग्राफी पर आधारित फिल्म एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन भी बनी जिसमें वे नशे के खिलाफ अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं, ये बहुत बडी बात है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा बनें और दीमक की तरह खोखला कर रही इस बीमारी को जड से उखाड़ फेंकने में एक दूसरे का सहयोग करें। मौके पर नवचेतना मंच के संयोजक व नशा मुक्त भारत अभियान के अग्रज एसपी चौहान ने कहा कि नशा मुक्त भारत मिशन अब पूरे जोर शोर से चलता रहेगा। इस मिशन को मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर का पूरा सहयोग मिल रहा है। आने वाले समय में नशा मुक्त भारत अभियान को हम स्कूल, कॉलेजों में चलाएंगे,ताकि युवा पीढी और अधिक जागरूक हो सके।

# सनफूड ओवरसिज राइस शेलर में आग, करोड़ों का नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

**कुतुबपुर रो**ड पर सनफूड ओवरसिज (राइस शेलर) आग लगने से लाखों रुपए की मशीनरी जलकर राख हो गई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। राइस शेलर भाजपा नेता सुरेश गर्ग नौच का बताया जाता है। दमकल की 6 गाड़ियों ने 7 घंटे से अधिक में आग पर काबू पाया। आगजनी में किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है। रविवार की सुबह आग लगने के बाद के अवशेष देखकर लोग भी दुखी हुए। भाजपा नेता सुरेश गर्ग के बेटे सुमित ने बताया कि



उन्हें अपने कर्मचारियों से शनिवार रात 8:30 बजे राइस शेलर की मशीनरी में आग लगने की सूचना मिली। आग धान को सुखाने वाले ड्रायर में लगी थी। देखते ही देखते आग ने दूसरी मशीनरी को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। फायर अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियों को तुरंत मौका पर रवाना कर दिया गया था। 10 दमकल कर्मियों ने 7 घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# गंगा के स्पर्श मात्र से मनुष्य करोड़ों पापों से मुक्त हो जाता है: पुष्कर सिंह धामी

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा के स्पर्श मात्र से मनुष्य अपने किए गए करोड़ों पाप से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश और प्रदेश में अनेक सरकारें बनीं, लेकिन किसी ने भी गंगा स्वच्छता की ओर ध्यान नहीं दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में लैंड जिहाद के नाम पर मस्जिदों और मजारों का निर्माण किया जा रहा है, उसे उनकी सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। क्योंकि यह गंगा-जमुना की भूमि है ,जो वनों-पर्वतों से आच्छादित है, जिसका अपना स्वरूप बना



चाहिए।
यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को परमार्थ निकेतन में हुए गंगा समग्र अभियान सम्मेलन के अंतिम दिन बतौर मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गंगा स्वच्छता को लेकर देश में गंगा काउंसिल का गठन किया, जिसमें उत्तराखंड राज्य सरकार को भी सदस्य के रूप में मनोनीत किया है।
मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि गंगा गोमुख से निकलकर भारत के हजारों शहरों को छूकर गंगा सागर में जा रही है, जिससे स्वच्छ और साफ किए जाने का उत्तराखंड सरकार संकल्प ले चुकी है। इसके चलते उसमें शामिल होने वाले उत्तराखंड के 125 नालों को एसटीपी के माध्यम से स्वच्छ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का गंगा को स्वच्छ किए जाने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार भी संकल्पित है, जो भी इस कार्य में योगदान होगा, उसे लोगों के माध्यम से पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसी भी कीमत पर इस प्रकार की जमीनी जिहाद को प्रदेश में होने नहीं देगी। नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए एसटीपी के माध्यम से गंगा में गिरने वाले नालों को रोका जा रहा है।
प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति के जन जागरण का कार्य किया जा रहा है।
बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान भी लागू कर दिया गया है।

## आप ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने रविवार को प्रदर्शन कर चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के तिराहे पर केंद्र सरकार पर बदला लेने के कार्रवाई करने और संवैधानिक संस्थाओं का उपयोग कर विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार का पुतला दहन किया।
उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की इस प्रकार की कार्रवाई का पार्टी पुरजोर विरोध करेगी।
आप कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी कर बस स्टेशन पर केंद्र सरकार का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के जिलाध्यक्ष भवान सिंह चौहान ने कहा कि आम आदमी पार्टी की कार्य प्रणाली से जहां दिल्ली में पार्टी को जीत मिल रही है, वहीं



**8 इस मौके पर पार्टी चंद्रशेखर भट्ट, अनूप रावत, कुलदीप सिंह, दिलबर फर्स्वाण, अनुराग पोखरियाल आदि मौजूद थे।**

अन्य राज्यों में पार्टी का विस्तार हो रहा है। इसके चलते केंद्र सरकार की ओर से पार्टी के नेताओं को सीबीआई और ईडी जैसी संवैधानिक संस्थाओं का उपयोग कर परेशान करने का कार्य किया जा रहा है। जो लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत नहीं हैं। ऐसे में आप के कार्यकर्ता केंद्र सरकार का विरोध कर रही है। इस मौके पर पार्टी चंद्रशेखर भट्ट, अनूप रावत, कुलदीप सिंह, दिलबर फर्स्वाण, अनुराग पोखरियाल आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### शिवाजी धर्मशाला में शनि सेवा समिति की ओर से मनाया गया शनिदेव का वाार्षिकोत्सव

**देहरादून**: हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनि सेना सेवा समिति (रजि0), देहरादून द्वारा सहारनपुर रोड़ स्थित श्री शिवाजी धर्मशाला में श्री शनिदेव भगवान का 17वाँ वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भजन गायकों ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय कर दिया। शनिदेव क जयकारे से पांडाल गूंज उठा।
देर रात सहारनपुर रोड स्थित शिवाजी धर्मशाला में समिति की ओर से आयोजित वाषिकोत्सव में महापौर सुनील उनियाल गामा, धर्मपुर विधायक विनोद चमोली, राजपुर रोड विधायकत खजान दास ने आशीर्वाद लिया।आयोजन में सर्वप्रथम इस वर्ष के वार्षिक उत्सव समारोह में गायक विक्की फिरोजपुरिया (कैथल-हरियाणा), इति वर्मा (बठिंडा- पंजाब), पवन कपूर (पानीपत हरियाणा ) ने अपनी कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगो का दिल जीता` कार्यक्रम में मंच का संचालन अनिल अनुरागी (यमुनानगर ) द्वारा किया गया। वही वार्षिक उत्सव समारोह में विशेष आकर्षण का केन्द्र न्याय प्रिय श्री शनिदेव महाराज झुलें पर विराजमान हुए तथा तीन फुट के बाल रूप श्री हनुमान जी महाराज भक्तों को आकर्षित किया` 16 अप्रैल को होने वाले भण्डारें में लगभग पांच हजार से अधिक लोग सम्मलित हुए इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, सचिव केवल सिंह पुण्डीर एवं कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार तथा राजेश गुप्ता, सन्नी कंसल, ललित माटा, विशाल शर्मा, दिनेश तिवारी, लोकेश सकलानी, सतीश कश्यप, महेन्द्र मल्होत्रा, संजीव सिंघल, अनन्त सागर गिरि, संजय मुनियाल, प्रेम कश्यप, आकाश गुप्ता, निशान्त गुप्ता, अमन गुप्ता, निहाल धीमान, विरल चौहान, अमन जैन, हन्नु, विनय, सावन, नवीन, सुमित, सचिन, राहुल आदि उपस्थित रहें। आयोजन में सर्वप्रथम इस वर्ष के वार्षिक उत्सव समारोह में गायक विक्की फिरोजपुरिया (कैथल-हरियाणा), इति वर्मा (बठिंडा- पंजाब), पवन कपूर (पानीपत हरियाणा ) ने अपनी कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगो का दिल जीता` कार्यक्रम में मंच का संचालन अनिल अनुरागी (यमुनानगर ) द्वारा किया गया। वही वार्षिक उत्सव समारोह में विशेष आकर्षण का केन्द्र न्याय प्रिय श्री शनिदेव महाराज झुलें पर विराजमान हुए तथा तीन फुट के बाल रूप श्री हनुमान जी महाराज भक्तों को आकर्षित किया

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक का उत्तराखंड के गांवों की ग्रामीण आबादी के लिए कल्याण और आजीविका सहायता कार्यक्रम

**हल्द्वानी**। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपनी सीएसआर इम्पलीमेंट करने वाली संस्था शाखा 'उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन' के माध्यम से उत्तराखंड राज्य में कई गतिविधियों की शुरूआत की है।
उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने 'गवर्नमेंट' इंटर कॉलेज, खुमार' और 'गवर्नमेंट इंटर कॉलेज,हिनौला [झिमार]' में दो स्मार्ट क्लास का आज उद्घाटन किया। अल्मोड़ा जिले में अब कुल पांच [5] ऐसी स्मार्ट कक्षाएं चल रही हैं। इसके अलावा उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवयाल को हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट का भी उद्घाटन किया। उन्होंने आजीविका मिशन सपोर्ट एक्टिविटी की निगरानी के लिए तुकनौली गांव का दौरा भी किया। इस डवलपमेंट पर बोलते हुए, गोविंद सिंह ने कहा कि यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से एक महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि हमारी इम्पलीमेंट करने वाली एजेंसी, उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन के माध्यम से वंचित समुदायों की बुनियादी जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने में हमें सरकार और अधिकारियों से महत्वपूर्ण सहयोग मिला है। स्वास्थ्य, आजीविका और शिक्षा बुनियादी जरूरत है और हम इन पहलों को पूरी कम्युनिटी में फैलाने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। परिप्रेक्ष्य 29 अक्टूबर, 2023 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका के क्षेत्र में उत्कर्ष स्मॉल बैंक द्वारा शुरू की गई कई सीएसआर एक्टिविटी की शुरूआत की थी। उत्तराखंड के पालन निवारण आयोग के वाइस चेयरमैन डॉ. एस एस नेगी रिटायर्ड आईएफएस और भारत सरकार के पूर्व डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेस्ट] ने स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका गतिविधियों और उनके भौगोलिक चयन की अवधारणा में सहायता की थी। इन कार्यक्रमों की शुरूआत के बाद से, आयोग सक्रिय रूप से भाग ले रहा है और टीम का मार्गदर्शन कर रहा है।

## लोडर से टकराकर बाइक सवार की हुई मौत

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश हरिद्वार बाइपास मार्ग पर एक बाइक सवार की लोडर गाड़ी से टकरा जाने के परिणाम स्वरूप मौत हो गई।
भरत सिंह राणा पुत्र मोहर सिंह निवासी गवारा टिहरी गढ़वाल दुबई के एक होटल में कार्य करता था। वह छुट्टी मनाने अपने घर आया था। वह मोटरसाइकिल से श्यामपुर जा रहा था] जब सड़क के किनारे खड़े लोडर से टकरा गया। उसे घायल अवस्था में राजकीय चिकित्सालय लाया गया।
चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई है।

## उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष सीपीए बैठक में शामिल के लिए जिब्राल्टर होंगी रवाना

**8 जिब्राल्टर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) कार्यकारी समिति की बैठक 18 से 20 अप्रैल तक का आयोजन होना है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ब्रिटिश प्रवासी प्रदेश जिब्राल्टर में होने वाली मध्य वर्ष राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) कार्यकारी समिति की बैठक में भाग लेने के लिए 16 अप्रैल (रविवार) रात्रि जिब्राल्टर के लिए उड़ान भरेंगी।
ब्रिटिश प्रवासी प्रदेश जिब्राल्टर में मध्य वर्ष राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) कार्यकारी समिति की बैठक 18 से 20 अप्रैल तक का



आयोजन होना है। इसमें विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण भी भाग लेंगी।
गौरतलब है की उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कार्यकारिणी समिति की भारत की प्रतिनिधि के रूप में नामित सदस्य भी हैं। इसी संबंध में रविवार सुबह नई दिल्ली के संसद भवन के बैठक कक्ष में सम्मेलन से पूर्व इंडिया रीजन के सभी सदस्यों ने बैठक की। इसमें सीपीए कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान होने वाली विभिन्न कार्यशाला में चर्चा के विषयों पर भारत का प्रभावशाली प्रतिनिधित्व और पक्ष रखने के लिए रणनीति बनाई गई है।
बैठक में विदेश मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधिकारीगण सहित असम के विधानसभा अध्यक्ष विश्वजीत दायमारी, लोकसभा सांसद उदय प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव लोकसभा डा. अजीत कुमार शामिल रहे।

## पुनिया बंद कमरे में नेताओं के साथ कर रहे बैठक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक पीएल पुनिया तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी नेताओं से अलग-अलग बैठकें कर रहे हैं। उनका यह दौरा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में बढ़ती आपसी गुटबाजी को कम करने को लेकर हो रही है। आये दिन कांग्रेस नेता सोशल मीडिया पर बयान देते रहते हैं।
उत्तराखंड कांग्रेस में वरिष्ठ नेताओं के बीच चल रही जुबानी जंग थामने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक पीएल पूनिया, देहरादून में है। वह शनिवार को देहरादून पहुंच गए थे। रविवार कांग्रेस मुख्यालय में पीएल पुनिया और प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव पहुंचे।इस दौरान प्रदेश



अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक प्रीतम सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी सहित अन्य वरिष्ठजनों की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा सहित पार्टी के नेताओं के साथ अलग-अलग बंद कमरे में बैठक शुरू हुई। कांग्रेस हाईकमान की ओर से पार्टी के वरिष्ठ नेता पीएल पूनिया को उत्तराखंड में बतौर पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसी क्रम में पूनिया तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार को देहरादून पहुंचे।

## बालाजी धाम में रक्तदान शिविर, 45 यूनिट रक्त एकत्र

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय सनातन सेना परिषद और रुड़की ब्लड सेन्टर के संयुक्त तत्वावधान में श्रीबालाजी धाम, सिद्धबली हनुमान मंदिर फुटबॉल ग्राउंड जगजीतपुर के प्रांगण में रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 45 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।
इस मौके पर बाबा आलोक गिरी ने सभी रक्तदानियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्तदान समय की मांग है। यह हमारी सुरक्षा के साथ अन्य लोगों का जीवन बचाने में भी मददगार साबित होता है।

## ओपीएस की मांग को लेकर सड़कों पर गरजे कर्मचारी



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में जिले भर से पहुंचे कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रविवार को रैली निकालकर प्रदर्शन किया। साथ ही जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना देकर भी दिया।
धरना स्थल पर सभा की गई। इसमें कर्मचारियों ने मांग पर शीघ्र कार्रवाई न होने पर चरणबद्ध आंदोलन करते हुए अक्तूबर माह में संसद घेराव करने का ऐलान किया है। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिलेभर के कर्मचारी जिला मुख्यालय में एकत्र हुए जहां से कर्मचारियों ने ओपीएस लागू करने की मांग को लेकर मुख्य बाजार, बस स्टेशन, पुलिस लाइन, टैक्सी स्टैंड होते हुए नारेबाजी कर जिलाधिकारी कार्यालय तक रैली निकाली। जहां रैली जनसभा की गई।
जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने धरना देकर सरकारों से ओपीएस बहाल करने की मांग की। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के जिलाध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने कहा कि सरकार की ओर से लागू की गई राष्ट्रीय पेंशन योजना से कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था शेयर बाजार पर आधारित है, जिसका के दुष्परिणाम सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मुख स्पष्ट हो रहे हैं।
ऐसे में वर्षों तक देश की सेवा कर सेवानिवृत्त कर्मचारी स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। वर्तमान में लागू पेंशन योजना से अब सेवा निवृत्त कर्मचारियों के सम्मुख परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो रहा है। इसके चलते देशभर के कर्मचारी सरकार से ओपीएस बहाल करने की एक सूत्रीय मांग पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार की ओर कर्मचारी के पेंशन के संवैधानिक अधिकार को लेकर यदि सरकार की ओर से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती तो कर्मचारी क्रमबद्ध आंदोलन शुरू कर देंगे। इस मौके प्राथमिक शिक्षक संघ, राजकीय शिक्षक संघ और मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी एसोसिएशन ने भी आंदोलन कर रहे कर्मचारियों को समर्थन दिया है।

## तय समय सीमा के भीतर सैन्यधाम का निर्माण कार्य हो पूरा: जोशी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पांचवें सैन्य धाम का निर्माण समय के साथ गुणवत्तापूर्ण हो। इसके साथ ही सैन्य धाम की भव्यता और दिव्यता बरकरार रहे। रविवार को हाथीबड़कला स्थित मंत्री आवास में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ सैन्यधाम निर्माण के संबंध में समीक्षा की। इस दौरान गणेश जोशी ने अधिकारियों से सैन्य धाम के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में अधिकारियों की ओर से मंत्री को सैन्य धाम में अब तक हुए निर्माण कार्यों का प्रस्तुतिकरण दी।



मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के स्वरूप उत्तराखंड में सैन्य धाम निर्माण हो रहा है। यह मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट भी है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी सैन्य धाम में विशेष रुचि है। मंत्री ने कहा कि कहा पूरे देश के विभिन्न स्मारकों का अध्ययन करने के बाद सैन्य धाम का निर्माण हो रहा है।
ंत्री गणेश जोशी ने 18 अप्रैल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आहूत होने वाली सैन्यधाम के संबंध में उच्चस्तरीय समिति की बैठक के लिए भी अधिकारियों को सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य को तय समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण हो। साथ ही निर्माण कार्यों में इस्तेमाल हो रही सामग्री में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के भी अधिकारियों को निर्देशित किया।
मंत्री गणेश जोशी ने विश्वास जताते हुए कहा कि पांचवें धाम सैन्य धाम के बनने के बाद जिस प्रकार चारों धामों के दर्शन करने लोग यहां आते हैं। ठीक उसी प्रकार से सैन्यधाम को देखने लोग यहां आएंगे। इस भावना के साथ सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है।
इस मौके पर सचिव दीपेंद्र चौधरी, सैनिक कल्याण निदेशक ब्रिगेडियर अमृतलाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मास्टर प्लान के तहत बदरीनाथ में हो रहे ध्वस्तीकरण पर भड़के तीर्थपुरोहित

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
मास्टर प्लान के तहत बदरीनाथ धाम में कपाट बंदी के समय बड़े स्तर पर किये गए ध्वस्तीकरण से तीर्थ पुरोहितों और व्यापारियों में जबरदस्त आक्रोश है। तीर्थ पुरोहितों ने सरकार की इस कार्रवाई को उनकी आजीविका पर सीधा कुठाराघात बताया है। उन्होंने न्याय के लिए कोर्ट की शरण में जाने की बात कही है।
प्रधानमंत्री मोदी का बदरीनाथ धाम को स्मार्ट स्प्रिचुअल टाउन का बनाने का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसमें मास्टर प्लान के तहत काम जारी है। इससे सर्वाधिक प्रभावित तीर्थ पुरोहित समाज व व्यापारी वर्ग हुआ है। देवप्रयाग के 5 सौ से अधिक तीर्थ पुरोहित परिवार

**8 धाम में तीर्थ पुरोहितों के मुख्य पूजा स्थल अलकनंदा स्थित गांधी घाट को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया है**

सैकड़ों वर्षों से बदरीनाथ धाम पर आश्रित है। श्री बदरीश पंडा पंचायत के अनुसार धाम में तीर्थ पुरोहितों के मुख्य पूजा स्थल अलकनंदा स्थित गांधी घाट को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया है। यहां देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को तीर्थ पुरोहित तीर्थ पूजन करवाने के साथ ही यहां बने कक्षों में यजमानों की वंशवालियों भी रखते रहे हैं, लेकिन आज इसको मलबे के ढेर में बदल दिया गया है। बदरीनाथ मंदिर से बामणि मार्ग स्थित मार्केट को पूरी तरह ढहा दिये जाने से यहां दुकानें लगाने वाले व्यापारियों में भी खासा रोष बना है। मास्टर प्लान में बड़े पैमाने में तोड़फोड़ से धाम में जीवनयापन करने वाले सैकड़ों परिवारों को इस बार काफी आर्थिक संकट झेलना पड़ सकता है। इससे कपाट खुलने के साथ ही जहां सरकार को भारी जनाक्रोश झेलना पड़ सकता है। कई लोग कोर्ट में जाने की तैयारी भी कर चुके हैं।
श्री बदरीश पंडा पंचायत ने की बदरीनाथ धाम से मलबा हटाने की मांग-
श्री बदरीश पंडा पंचायत ने चमोली जिला प्रशासन से बदरीनाथ धाम में कपाट खुलने से पूर्व तप्त कुंड व गांधी घाट में मलबा हटाने की मांग की है। मामले को लेकर पंडा पंचायत ने एसडीएम जोशीमठ कुमकुम जोशी को पत्र प्रेषित किया। इस पत्र में पंडा पंचायत अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी, सचिव रजनीश मोतीवाल ने कहा कि भगवान बदरीविशाल के कपाट आगामी 27 अप्रैल को खुल रहे है। उससे पूर्व ही यात्रियों का धाम में आगमन शुरू हो जायेगा। मास्टर प्लान के अंतर्गत तप्तकुंड, गांधी घाट व बदरीनाथ मंदिर के आसपास कई भवन तोड़े गए हैं, जिसका मलबा जगह-जगह बिखरा पड़ा है। इस मलबे को 24 अप्रैल से पूर्व हटा दिया जाना आवश्यक है, जिससे तीर्थ यात्रियों, तीर्थपुरोहितों, स्थानीय निवासियों को स्नान, पूजा पाठ में किसी तरह की असुविधा का सामना नही करना पड़े। तप्तकुंड में भवन तोडे. जाने से तीर्थ पुरोहितों को यात्रियों की वंशावली, बही खाते रखने की नई समस्या बन गई है।
ऐसे में तप्तकुंड परिसर में वंशावलियों को रखने की पंचायत को अस्थाई व्यवस्था बनाने की अनुमति दी जाय। जिससे 5 सौ तीर्थ पुरोहित परिवार अपने यात्रियों को परंपरानुसार उनके पुरखों की वंशावली दिखा सकें। धार्मिक परम्पराओं को बनाने रखने हेतुवतप्तकुंड, गांधी घाट परिसर में किसी भी तरह की दुकानें नही लगाने दी जायें। पंडा पंचायत ने इस सम्बंध में एसडीएम से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## सोने की चेन उड़ाने वाली महिला गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
धार्मिक कथा व प्रवचनों के दौरान श्रोताओं के गले से सोने की चेन उड़ाने वाली संभ्रांत परिवार की एक शातिर महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के पास से सोने की दो चेन बरामद हुईं हैं। चार लाख रुपये कीमत की यह चैन 3 दिन पहले कनखल में हो रही भागवत कथा के दौरान चोरी की गई थी। पकड़ी गई महिला कथा में आने जाने के लिए कार का प्रयोग करती थी, पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है।
पुलिस कप्तान के पीआरओ विपिन पाठक ने बताया कि जमालपुर कला कनखल में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान महिलाओं के गले से सोने की चैन चोरी संबंधी



मामले में पुलिस टीम ने आदियोगी कॉलोनी नियर क्रिस्टल वर्ल्ड बहादराबाद से महिला छाया देवी पत्नी किशन लाल को चोरी की 02 चेन के साथ गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। आरोपित छाया देवी पत्नी किशन लाल मूल रूप से गांधी विहार नियर न्यू चंडी मंदिर थाना देहात जिला हापुड,उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है।

